हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 30 जून 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

2 कोरबा व कटघोरा वनमंडल में 6 दर्जन हाथियों ने डाला डेरा



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24



बालको अंबिका मंदिर रोड में भरा बारिश का पानी।



सर्वमंगला-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग भरा पानी।

### अल सुबह से शुरू हुई बारिश, दोपहर 12 बजे तक रही जारी

# बारिश से शहर तर-बतर, कोरबा तहसील में सर्वाधिक वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून की पहली बारिश को लेकर मौसम विभाग के द्वारा जारी अलर्ट शनिवार की सुबह सच साबित हुआ, जब अल सुबह से शुरू हुई बारिश दोपहर 12 बजे के बाद थमी, लेकिन दिन भर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। लागातार हुई बारिश से शहर के मुख्य मार्ग से लेकर उपनगरीय मार्ग पानी से लबालब नजर आए। वहीं बस्तियों के कई घरों में पानी घुस गया। आसपास शहर से लगे वार्डों के सड़क मार्ग पानी से डूब गए थे। बारिश थमने के बाद जब शहर के लोग बाहर निकले तब पानी ही पानी नजर आया। प्रशासन द्वारा जारी बारिश के आंकड़े में कोरबा तहसील में सर्वाधिक 50 मिलीमीटर वर्षा महज चंद घंटों में दर्ज की गई।

प्रदेश में मानसून की दस्तक को लेकर लगातार कयासों का दौर जारी था। इस बीच जिले में भी शनिवार सुबह से बारिश शुरू हुई जो लगातार दोपहर 12 बजे तक अनवरत जारी रही। इस दौरान शहर के मुख्य मार्ग से लेकर उपनगरीय क्षेत्रों में जाने वाले सड़क मार्ग में भी पानी भरा हुआ था, जिसे आवागमन कर रहे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना ⏭ शेष पेज 2 पर

## खरमोरा आवासीय परिसर में भरा पानी



शहर का इंडस्ट्रियल एरिया बारिश के समय आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं रहता। यहां भारी वाहनों के आवागमन के कारण मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। रात के समय स्ट्रीट लाईट नहीं होने से वाहन हादसे का शिकार होते हैं। एक बड़ी राजस्व आय होने के बावजूद इंडस्ट्रियल एरिया के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। शनिवार को हुई बारिश ने शहर के इस सबसे बड़े क्षेत्र की समस्या को उजागर कर दिया। वहीं हाउसिंग बोर्ड आवासीय परिसर में नाली निर्माण नहीं होने के कारण परिसर की सड़कें पानी में डूबी हुई थी। न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे बने नये रिहायसी इलाकों की स्थिति और भी खराब हो गई है। इन इलाकों में न तो स्ट्रीट लाईट है और ना ही सड़क बनी हुई है और ना ही पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण हुआ है।

## कहां कितनी हुई बारिश

| तहसील | 29 जून को दर्ज बारिश (मिमी में) |
|---|---|
| अजगरबहार | 4.1 |
| कोरबा | 50.2 |
| भैसमा | 10.1 |
| करतला | 18.9 |
| बरपाली | 6.8 |
| कटघोरा | 0.0 |
| दीपका | 3.7 |
| दर्री | 30.6 |
| पाली | 9.0 |
| हरदीबाजार | 4.6 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 7.4 |
| पसान | 3.0 |
| योग | 148.4 |
| औसत वर्षा | 12.4 |

## एनीकट का बंध टूटा



शनिवार को हुई भारी बारिश के कारण ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में बाढ़ आने के कारण उनमें बनबाए गए एनीकट से पानी ऊपर से बहने लगा। कुछ एनीकट के दीवारों में दरार आने से एक तरफ का हिस्सा बह गया। ग्राम सोनगुड़ा में बनाया गया एनीकट में गेट नहीं होने के कारण पानी का तेज बहाव से ऊपर का हिस्सा किनारे मिट्टी का कटाव होने के कारण दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्रामीणों ने मौका स्थल पर जाकर एनीकट की स्थिति देखी तब तक एनीकट के ऊपर से पानी बह रहा था। खेतों में सिंचाई के साधन के लिए एनीकट का निर्माण किया गया है ताकि पानी संग्रहित कर उसका उपयोग किया जा सके।

## नाले की चौड़ाई घटी, बस्तियों में घुस रहा था पानी



शहर का सबसे बड़ा नाला जिससे बुधवारी क्षेत्र से लेकर टीपी नगर, अमरैय्यापारा के रिहायसी इलाकों का पानी बहते हुए हसदेव नदी में जाकर मिलता है, इस नाले की चौड़ाई घटाने के कारण नाले में बह रहा पानी ऊपर बहते हुए आसपास के रिहायसी इलाकों में घुस रहा था। नाला निर्माण में तकनीकी खामी होने के साथ कई जगह चौड़ाई कम किए जाने से उन इलाकों में रहने वाले लोगों को बारिश में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार की सुबह जब शुरू हुई तब लोगों को नाली से पानी निकासी की पूरी उम्मीद थी, लेकिन जैसे जैसे बारिश तेज होती गई, नाले में पानी का बहाव अधिक होने के कारण नालों के ⏭ शेष पेज 2 पर

## जिला अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग में भरा पानी



जिला अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग कि जहां पर रिहायशी इलाका है। मुख्य रास्ते के दूसरी तरफ जमीन पर गड्ढ़ओं की उपस्थिति के कारण हालिया बारिश में यहां पर जल भराव की समस्या हमेशा निर्मित होती है। दूसरी ओर मुख्य मार्ग से आने जाने वाले वाहनों के दबाव से विचित्र स्थिति बनती जा रही है। यहां रहने वाले लोग फिलहाल इस समस्या से काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि बारिश के पहले भी इस प्रकार की दिक्कत यहां पर बनी हुई थी और इस बारे में सक्षम अधिकारियों को जानकारी दी गई थी, लेकिन उनकी ओर से जरूरी कार्रवाई करने में ध्यान नहीं दिया गया। जून की विदाई से ठीक पहले हुई बारिश के कारण यहां के हालात इस प्रकार के बने हैं, जबकि बारिश के असली त्यौहार अभी लंबे समय तक देखने को मिलने वाले हैं। ऐसे में यहां के हालात क्या होंगे, इसकी कल्पना बड़ी आसानी से की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को

**कोरबा।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एडीआर भवन में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई। उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत के समंस, नोटिस जो माननीय न्यायालय के द्वारा जारी किया जा रहा है कि समय पूर्व तामिली किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### चंद मीटर के मार्ग मरम्मत पर सीमांकन का रोड़ा

**कोरबा।** शहर में चंद मीटर के सड़क को मरम्मत का वर्षों से इंतजार है। सीमांकन के विवाद में उलझे सड़क से गुजरना लोगों के लिए कष्टकारी साबित हो रहा है। नगर निगम और राजस्व विभाग के बीच दो पाटों में सैकड़ों लोग हर रोज हलाकान होकर व्यवस्था को कोस रहे हैं। नगर निगम और राजस्व अमले की उदासीनता सैकड़ों लोगों के लिए हर दिन की परेशानी का सबब बन गई है। कोसाबाड़ी से मंगलमय विहार कॉलोनी तक के लिए कुछ समय पहले सड़क निर्माण की कवायद की गई थी। लेकिन इसी बीच किसी कारण सड़क निर्माण की भूमि को विवादित बताकर काम को रोक दिया गया। इसी कॉलोनी से लगी हुई कोरबा की बड़ी निजी अस्पताल, मेडिकल स्टोर, ब्लड बैंक स्थित है। जहां हर रोज सैकड़ो मरीज व उनके परिजन हिचकोले खाती कच्ची सड़क से गुजरते है। कई बार अस्पताल पहुंचने वाले गम्भीर मरीजों को इससे काफी नुकसान होता है।

### एसईसीएल कॉलोनियों में सफाई को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं


**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों एसईसीएल की कॉलोनीयों का बुरा हाल हो गया है। एसईसीएल प्रबंधन अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को मूलभूत सुविधा देने के लिए कितनी सजग है यह बांकीमोगरा क्षेत्र की कॉलोनी में फैले गंदगी से साफ नजर आ रहा है। एसईसीएल कॉलोनी बांकीमोंगरा के साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही जारी है, जिसकी सुध लेना कोई नहीं चाहता यहां तक प्रबंधन भी अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। कालोनियों के साफ सफाई का ठेका पिछले दो माह पहले ही समाप्त हो चुके हैं। बांकीमोंगरा एसईसीएल कॉलोनी का हाल इतना बुरा हो चुका है कि नालियों का भी साफ सफाई नहीं हो पता है। बारिश का मौसम है और इस मौसम में नई-नई बीमारियों के फैलने का प्रकोप बना रहता है। इस तरह अनदेखी करने से क्षेत्र में फैली गंदगियों से बीमारियों का खबरा बना रहता है।

### शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में पहुंची कैंसर वैन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की एक बड़ी सेवा निःशुल्क कैंसर परीक्षण बस का आगमन कर कोरबा शहर में 24 जून को हो रहा है। छत्तीसगढ़ में इसका शुभारंभ दर्री जमनीपाली शाखा से हो रहा है। दर्री जमनीपाली में यह शिविर 24 जून को अग्रसेन भवन साडा कालोनी में आयोजित हुई।

# एपीएल कोटे का चावल नहीं मिल रहा राशनकार्डधारियों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

पीडीएस दुकानों के स्टॉक में गड़बड़ी होने के कारण बीते दो माह से एपीएल हितग्राहियों को उनके कोटे का चावल नहीं मिलने की समस्या खड़ी हो गई है। हितग्राही दुकानों से बैरंग वापस लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना अंतर्गत एक ही दुकान से एपीएल व बीपीएल कोटे के चावल का वितरण किया जाता है। जिनमें एपीएल हितग्राहियों के चावल को लेकर आबंटन नहीं आने से हितग्राही और दुकानदार दोनों परेशानी झेल रहे हैं।

खाद्य विभाग के द्वारा मई व जून माह का चावल एक साथ वितरण किए जाने को लेकर निर्देश जारी किए गए थे। फलस्वरूप एपीएल हितग्राही जब दुकान पहुंचे तो उन्हें यह जानकारी दी गई कि उनके कोटे का चावल नहीं आया है। परेशान हितग्राही जब दुकान संचालक से जानकारी लेने लगे तो उनके द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि मई और जून माह बीत गया एपीएल हितग्राहियों को उनके कोटे का चावल नहीं मिला है। यह स्थिति नगर पालिक निगम के सभी ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- कई वार्डों की पीडीएस दुकानों से वापस लौट रहे हितग्राही
- खाद्य विभाग के मुताबिक स्टाक को किया गया लाक

## तीन लाख से अधिक हैं हितग्राही

जिले में एपीएल और बीपीएल निराश्रित सहित कुल कार्डधारियों की संख्या 3 लाख से अधिक है। इनमें से एक लाख के लगभग एपीएल हितग्राही हैं, जिन्हें प्रतिमाह 35 किलोग्राम चावल का आबंटन किया जाता है। इसके अलावा चावल के साथ चने के वितरण का कार्य भी बंद पड़ा है। बीते हितग्राहियों को चने का भी वितरण नहीं हो रहा है। इसके पीछे भी यही कारण बताया जा रहा है कि चने का आबंटन शासन स्तर से ही जारी नहीं किया गया है।

**लॉक किया गया स्टॉक**

पीडीएस दुकानों में एपीएल कोटे का जो चावल आबंटित किया जाता है उनके स्टॉक में माइनस दिखाया जा रहा है, जिसकी वजह से स्टॉक को लॉक करने की कार्यवाही की गई है, इसकी जांच की जा रही है।

-आशीष चतुर्वेदी,
सहायक खाद्य अधिकारी

# सांसद ज्योत्सना महंत ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करती सांसद।

केंद्र सरकार के द्वारा 5 वर्ष पहले कोरबा को सरकारी मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई। जिला अस्पताल का मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध करते हुए संचालन किया जा रहा है। डॉक्टरों की पदस्थापना और संसाधनों में बढ़ोतरी के साथ अब तक लाखों मरीजों ने अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लिया है। शनिवार को सांसद ज्योत्सना महंत ने मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सौ करोड़ रुपए की सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया है।

राज्यों की ओर से आने वाले प्रस्ताव के आधार पर भारत सरकार सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए काम करती हैं। बीते वर्ष में राज्य को पांच ऐसे मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए गए जिनमें एक कोरबा भी शामिल है। कोरबा में नए भवन के निर्माण का काम चल रहा है जबकि जिला अस्पताल का संचालन मेडिकल कॉलेज से एफिलेटेड कर किया जा रहा है। यहां पर मरीजों की संख्या और सेवाओं की गुणवत्ता का स्तर अच्छा होने से आसपास में भी चर्चा है। विभिन्न कार्यों के विस्तार से पहले में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- सांसद ने मेडिकल कालेज को सौ करोड़ की सहायता दिलाने दिया आश्वासन



## खबर संक्षेप



### जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ मिला उप पंजीयक से

**कोरबा।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरबा के नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात संघ के पदाधिकारी के द्वारा उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा एसके जोशी से सौजन्य मुलाकात कर कर्मचारी भाइयों की अपनी आने वाली समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात रखी है। मुलाकात के समय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद भट्ट, सचिव तुलेश्वर कौशिक, उपाध्यक्ष अशोक दुबे, प्यारेलाल साहू, संरक्षक चंद्रेश कश्यप, वेद प्रकाश वैष्णव, डाकेश्वर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष पाली लता सिदार, सविता कंवर एवं कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष दुलीचंद धीवर उपस्थित रहे।

### छग अखबार वितरक संघ ने प्रशांति वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ कोरबा जिला इकाई के सचिव जय सिंह नेताम ने अपना जन्मदिन केक काट कर मनाने के बजाय शहर के सर्वमंगल मंदिर में स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के बीच मनाया। कोरबा शहर के सर्वमंगल मंदिर में स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम जहां वृद्ध जनों में महिलाएं एवं पुरुष निवास करते हैं। उनके समक्ष छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला कोरबा इकाई ने अपने पदाधिकारी सचिव जय सिंह नेताम का जन्मदिन वृद्ध आश्रम में निवासरत पिता माता समान वृद्धों के बीच मनाया तथा परंपरागत केक काटने के बजाय वृद्ध आश्रम में निवासरत सभी को सल्पाहार कराकर जन्मदिन मनाया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर संघ के सर्वश्री रेशम साहू, विनोद सिन्हा, विपेंद्र कुमार साहू,जय सिंह नेताम, लक्ष्मी राठौर, रविंदर, रामा, तपेश्वर राठौर, राकेश साहू, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्ण कुमार निर्मलकर, सुधीश गिरी, प्रिंस साहू, विल्सन, हर्ष नेताम, देव पटेल, दिलीप यादव, सुनील साहू दीपक, यश नेताम, बजरंग, शुभंकर, ओमकार एवं अज्जू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने आयोजित की प्री रीजन आफिसर्स मीट एवं पीएसटी स्कूलिंग



**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा प्री रीजन आफिसर्स मीट एवं पीएसटी स्कूलिंग का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्ष लायन मीना सिंह के द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत की। तत्पश्चात सचिव लायन आशीष अग्रवाल द्वारा वर्षभर किये गये कार्यों का सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्री रीजन आफिसर्स मीट एवं पीएसटी स्कूलिंग के मुख्य अतिथि लायन अविनाश शर्मा पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एमडी 3233, विशिष्ट अतिथि के रुप में एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल प्रथम वाईस डि. गवर्नर निर्वाचित, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) रीजन चेयरमेन मनोनीत, लायन कैलाश नाथ गुप्ता, लायन शैलेष सोमवंशी, लायन राजेश अग्रवाल तीनों जोन के जोन चेयरमेन एवं लायंस क्लब के सभी सदस्यों एवं रीजन के विभिन्न क्लबों से आये सभी पीएसटी डि.चेयरपर्सन सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूवात हुई। रीजन चेयरमेन लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) अपने रीजन के सभी क्लबों से आने वाले वर्ष में किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। वर्ष 2024.25 के कार्यकाल के लिए सभी क्लब अपने आने वाले विभिन्न योजनाओ के बारे में बताया। कार्यक्रम में एमजेएफ ला. राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एमजेएफ ला. एसके अग्रवाल, एमजेएफ लायन अशोक मोदी, रोहित राजवाडे, पदम सिंह चंदेल, नन्दकिशोर अग्रवाल, शिव अग्रवाल (मार्डन एग्रो), दीपक अग्रवाल, दीपक माखीजा, कामायनी दूबे, मधु पाण्डेय, रवि शंकर सिंह, संतोष खरे, आशीष अग्रवाल, कोरबा, एनटीपीसी, लायंस क्लब एवरेस्ट, लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर, लायंस क्लब बालको, लायंस क्लब चांपा, लायंस क्लब कटघोरा छुरी से पहुंचे पीएसटी टीम ने अपने अपने क्लबों के योजनाओं के बारे में रीजन को अवगत कराया।

## टोल प्लाजा के पास 1 जुलाई को स्थानीय ग्रामीण करेंगे धरना प्रदर्शन

# रजकम्मा मदनपुर टोल प्लाजा के नियमों से ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




रजकम्मा मदनपुर स्थित टोल प्लाजा।

जिले के रजकम्मा मदनपुर एनएच 130 के टोल प्लाजा में कर वसूली के नियमों पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए टोल प्लाजा को उस स्थान से हटाने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि नियम विरूद्ध तरीके से उनसे टैक्स लिया जा रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद निराकरण नहीं करने से आक्रोशित ग्रामीणों ने 1 जुलाई से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

रजकम्मा मदनपुर टोल प्लाजा के कर वसूली को लेकर ग्रामीणों द्वारा 1 जुलाई को प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा कटघोरा एसडीएम कार्यालय में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर धरना प्रदर्शन न करने की समझाइश दी है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार कटघोरा भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, एनएचआई अधिकारी, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी मांग रखी कि राजकम्मा टोल प्लाजा मे आने वाले नजदीकी ग्रामीणों के वाहन का मासिक पास बनाएं वहीं 2 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाले वाहन को निःशुल्क किया जाएं। मांगों को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी, वहीं प्रशासन व नेशनल हाइवे प्राधिकरण विभाग के अधिकारियों ने कुछ शर्तों को तो मानी, लेकिन कुछ शर्ते नियम के विरुद्ध होने के कारण सहमति नहीं जताई, वहीं ग्रामीणों ने उक्त मांगों को पूरा करने को लेकर 1 जुलाई को राजकम्मा टोल प्लाजा के पास शांति पूर्ण ढंग से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

## एक सांप ने दूसरे सांप को निगला, लोगों में दहशत



घर में अहिराज सर्प जिसका किया गया रेस्क्यू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बंकीमोंगरा क्षेत्र के कटईनार में तपट दास नामक व्यक्ति के घर रात्रि 12.30 बजे पूरा परिवार उस समय दहशत में आ गया जब आंगन में एक जहरीले सांप को एक दुसरे साप को लपेट कर खाते हुए देखा फिर क्या था घर वालों के डर से हाथ पैर फूल गए फिर घर वालों ने मदद के लिए पड़ोसियों को उठाया पर किसी भी व्यक्ति की सांप को भगाने और उसके पास जानें की हिम्मत नहीं हुई। आखिकार इसकी जानकारी वाइल्ड लाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया, जिस पर सारथी ने सांप पर नजर बनाए रखने की बात कहीं और सांप से दूरी भी बनाए रखने की बात कहीं। जितेंद्र सारथी कोरबा से बंकीमोंगरा क्षेत्र पहुंचे तब तक एक सांप दूसरे सांप को खा चुका था और बताया यह अहिराज सांप हैं जो बहुत ज़हरीला होता हैं पर बहुत शांत स्वभाव का होने के कारण खतरा कम होता हैं, जिसके बाद उसको रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया तब जाकर घर वालों की सांस में सांस आई फिर सभी ने देर रात पहुंचे रेस्क्यू टीम का आभार जताया।

## अपने खुद के मकान हेतु 18 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निगम द्वारा कार्पोरेशन साईट दर्री में निर्मित किए गए आवासीय फ्लैट लेने के इच्छुक पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन 18 जुलाई तक नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन में जमा करा सकते हैं। नगर निगम द्वारा कार्पोरेशन साईट दर्री में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस योजनांतर्गत आवासीय फ्लैटों का निर्माण कराया गया है। निर्मित कराए गए इन 103 आवासीय फ्लैटों में भूतल पर 19 फ्लैट तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तलों पर 28-28 फ्लैट स्थित हैं, प्रत्येक फ्लैट का कारपेट एरिया 325 वर्गफिट है तथा इन फ्लैटों की अनुमानित मूल्य 3 लाख 25 हजार रूपये रखा गया है। निगम द्वारा पूर्व में इन फ्लैटों हेतु 27 जून तक आवेदन मंगाए गए थे, किन्तु अब आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर 18 जुलाई तक कर दिया गया है।

**आवास हेतु पात्रता**

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित इन आवासगृहों को प्राप्त करने हेतु व्यक्ति की पात्रता निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार व्यक्ति को निगम क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 के पूर्व से निवासरत होना चाहिए तथा वर्ष 2011 की जनगणना सूची में नाम होना चाहिए। इसी प्रकार पूरी परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये कम हो तथा देश के किसी भी स्थान पर पक्का आवास नहीं होना चाहिए। हितग्राही को छत्तीसगढ़ प्रदेश का मूलनिवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र के प्रारूप हेतु नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

फ्लैट के लेने के इच्छुक व पात्र हितग्राही अब 18 जुलाई तक अपने आवेदन निगम कार्यालय साकेत भवन में जमा करा सकते हैं।

## ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आबकारी विभाग की टीम ने बिलासपुर-अंबिकापुर हाईवे पर चकचकवा पहाड़ के समीप घेराबंदी कर एक बोलेरो वाहन से मध्यप्रदेश राज्य की 912 पाव ब्रांडेड अंग्रेजी शराब जब्त की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**खास बातें**

- आबकारी विभाग की टीम ने बिलासपुर- अंबिकापुर एनएच में की घेराबंदी
- बोलेरो वाहन से ढाई लाख कीमती 912 पाव एमी की अंग्रेजी शराब जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त अंग्रेजी शराब।

आबकारी उपनिरीक्षक डॉ. सुकांत पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बोलेरो वाहन में मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर बिलासपुर अंबिकापुर हाईवे में थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत चकचकावा पहाड़ी के पास आबकारी की टीम घेराबंदी कर अनुपपुर से चोटिया पसान रास्ते से होकर आ रही वाहन बोलेरो क्रमांक एमपी 65 जेड 4549 को रोका गया। वाहन में नवीन शिवहरे उम्र 29वर्ष पिता दुर्गेश साकिन जैतहारी थाना अनूपपुर मध्यप्रदेश व मनोज खटीक उम्र 32 वर्ष पिता छेदीलाल साकिन मनेंद्रगढ़ ज़िला कोरिया सवार थे। आबकारी विभाग की टीम ने जब वाहन की तलाशी ली तो बोलेरो वाहन से 6 पेटी सिग्नेचर, 5 पेटी मैकडॉवेल्स नंबर 1 पाव, 5 पेटी रॉयल स्टेज पाव, 3 पेटी ब्लेंडर प्राइड पाव कुल मदिरा बरामद की गयी। आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34(2), 36, 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों जेल दाखिल कर दिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकान्त पांडेय, आशीष उप्पल आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी नगर सैनिक राजेश दुबे, प्रजेश सिंह एवं अंबिका का सराहनीय योगदान रहा।

## कोरबा व कटघोरा वनमंडल में 6 दर्जन हाथियों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कोरबा वन मंडल अंतर्गत 23 और कटघोरा वन मंडल के जंगलों में फिलहाल 48 हाथियों का झुंड विचरण रहे हैं। हाथी अब एक स्थान पर रुकने के बजाय आगे बढ़ने लगे हैं। वन विभाग ने 30 ग्रामों में अलर्ट जारी किया है। अभी तक कोई नुकसान होने की सूचना नहीं आई है। कटघोरा वन मंडल के ग्राम एतमानगर और पसान रेंज में 4 झुंड में हाथी घूम रहे हैं। बारिश का सीजन शुरू होने के बाद हाथी एक स्थान पर सप्ताह भर से अधिक समय रुक रहे हैं। कुदमुरा रेंज के ग्राम चचिया में 13 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। हाथी शाम को भोजन के तलाश में 10 किलोमीटर तक चक्कर लगाते हैं इसके बाद फिर उसी स्थान पर पहुंच जाते हैं। कोरबा रेंज के ग्राम केराकछार से हाथी आगे नहीं बढ़े हैं। झुंड में बच्चे होने की वजह से गांव के आसपास नहीं जाते हैं।

## बच्ची को स्कूल आने से रोका, परिजनों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल खुलते ही निजी स्कूल प्रबंधनों की मनमानी सामने आने लगी है। देवरमाल में रहने वाले एक व्यक्ति ने स्कूल फीस जमा नहीं की तो प्रबंधन ने उसकी 5 साल की बेटी के स्कूल आने पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं स्कूल वाहन की व्यवस्था भी बंद कर दी गई। मामले की शिकायत कलेक्टर और शिक्षा विभाग से की गई है। विभाग ने मामले के जांच के आदेश दिए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फीस नहीं देने पर में प्रबंधन ने बच्ची के स्कूल आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इतना ही नहीं स्कूल वाहन की सुविधा भी छीन ली गई। पिता ने कलेक्टर और शिक्षा विभाग से मामले की शिकायत की है। शिकायतकर्ता अनिल पटेल ने बताया कि इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन से की थी, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। अब बच्ची को स्कूल आने से मना कर दिया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्ची की स्कूल फीस काफी लंबे समय से नहीं पटाई गई है। स्कूल बस की फीस भी नहीं दी गई है। स्कूल संचालक ने कहा कि उन्हें आग्रह किया गया था कि वह स्कूल फीस और बस परिवहन की फीस जमा कर दें, लेकिन उन्होंने फीस जमा नहीं की, जो भी आरोप लगाया जा रहा है, निराधार है।

### करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**कोरबा।** बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही कोरबा में झमाझम बारिश हो रही है, जिसके चलते बिजली के खंबों में करंट का प्रवाह होना शुरु हो गया है, जिसके कारण मवेशियों की जान जाने का भी सिलसिला शुरु हो गया है। शहर के ईमलीडुग्गू हाईस्कूल के पास करंट प्रवाहित बिजली के खंबे की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग काफी डरे हुए है। उनका कहना है, कि आसपास बच्चे खेलते रहते हैं और लोगों का भी आना जाना लगा रहता है,जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। इस दिशा में बिजली विभाग को ध्यान देने की जरुरत है।

## मायुमं ने निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन, 80 लोग लाभान्वित



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रम मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा दर्री जमनीपाली द्वारा आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन दर्री स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। जांच शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कैम्प में मौजूद डॉ श्रेयस घुगुस्कर, डॉ एकता चावड़े, डॉ राजू गुप्ता, डॉ श्रेष्ठा, अग्रवाल सभा दर्री के पदाधिकारी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

शिविर में लगभग 80 लोगो ने जांच कराया और कुछ घंटों बाद ही जांच की रिपोर्ट उपलब्ध करा दी गई। श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में मंच के कार्यों की सराहना की एवं आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा विगत 9 वर्षो से संचालित कैंसर वैन के उपकरणों जांच एवं उपयोगिता के विषय में उपस्थित अतिथियों को अवगत कराया। साथ ही बताया अभी तक 15से 20 लाख लोगो की जांच हो चुकी है। दर्री जमनीपाली शाखा के अध्यक्ष पारस अग्रवाल बताया की कैंसर के शुरुआती जांच की सुविधा लोगो तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश है। कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति लोगो को जागरूक करने के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए और प्रत्येक वर्ष लोगो को कैंसर की जाँच करनी चाहिए ताकि हमारा देश भी कैंसर मुक्त देश हो। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत से संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, प्रियंक अग्रवाल, चेयरमैन रक्तदान राकेश गोयल, अंजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, वर्षा माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, शंकर माहेश्वरी एवं मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष पारस अग्रवाल, सचिव अक्षत, अमित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सुलभ, मनीष पालीवाल, कान्हा अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सुनील दुबे, बिट्टू, वर्षा अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अलका सिंघानिया, संगीता पालीवाल, श्वेता अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, माया अग्रवाल, साजिद अली, पुष्पेन्द्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बारिश से शहर...

पड़ा। शहर के कई हिस्से ऐसे थे जहां पहली बारिश ने ही नालों की साफ-सफाई की पोल खोल दी। कुछ रिहायसी इलाकों में नगर निगम ने नाली का निर्माण ही नहीं किया परिणाम स्वरूप बारिश का पानी सड़कों में बह रहा था। शहर के मुख्य मार्ग के साथ साथ टीपी नगर चौक, बुधवारी चौक, कोसाबाड़ी चौक में पानी भरा हुआ था। इन तीनों स्थानों में नालियां नहीं होने के कारण हर साल बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसके कारण बाजार आने वाले आम नागरिकों को भी व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। शनिवार अवकाश का दिन होने के कारण प्रशासनिक दफ्तर सूनसान रहे। वहीं बाढ़ नियंत्रण केन्द्र में भी कोई आदमी नजर नहीं आया, जबकि प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण केन्द्र की स्थापना कर वहां ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के नंबर भी जारी किए हैं। **पहली बारिश में कुसमुंडा फॉरलेन सड़क में भरा पानी :** सर्वमंगला नगर से ईमलीछापर चौक तक बनाई जा रही फोरलेन सड़क का काम बीते तीन चार साल से पूरा नहीं हो सका है। पिछली बरसात में आम जनता को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा था। इस बारिश में भी लोगों को सड़क की बदहाली का दंश झेलना पड़ेगा। बीते कुछ सालों से आम जनता को कुसमुंडा कोरबा मार्ग में होने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए फोर लेन की शुरुआत की गई है। लेकिन फोर लेन का निर्माण कछुआ गति से चलने के कारण लगभग तीन चार साल का समय गुजर चुका है पर फोर लेन का निर्माण नही हो सका है। सड़क की खुदाई निर्माण एजेंसी के द्वारा की जा चुकी है। खुदाई किये जाने के कारण सड़क बदहाल हो चुकी है जिनके कारण आये दिन दुर्घटना हो रही थी। अब जब बारिस का महीना शुरू हो गया है ऐसे में सड़क में तालाब की स्थिति देखने को मिल रही है। एक बारिश में हालात ये है तो अभी बारिश के चार माह बचे हैं। लगातार बारिश हुई तो शायद कुसमुंडा कोरबा मुख्य मार्ग में पानी ही पानी देखने को मिलेगा। ऐसे में भारी वाहनों के साथ छोटे वाहन भी जाम के जाल में फंसकर परेशानी का सामना करेंगे। जिला प्रशासन की लगातार निर्देश मिलते रहे है कि खराब सड़कों को बारिश से पूर्व सुधार किया जाए। पर स्थिति ऐसी हो गई है कि मानो सौ दिन चले ढ़ाई कोस अब देखना होगा कि जिले के वरिष्ठ नेता मामले में कोई ठोस कदम उठाते है या पूर्व की तरह लोगो को जाम की स्थिति से जूझना पड़ेगा। **अंबिका मंदिर रोड में हर साल बारिश में बहता है पानी :** बालको नगर की ओर जाने वाली अंबिका मंदिर से गायत्री मंदिर तक जाने वाला रोड अब बालको उपनगरीय क्षेत्र की एक मुख्य सड़क बन चुका है। नगर की एक बड़ी आबादी कोरबा शहर आने के लिए इस रोड से ही आवागन करती है। भारी वाहनों के साथ आम लोगों का आवागमन इस रोड से ही होता है। गायत्री मंदिर के आवासीय परिसर के सामने और अंबिका मंदिर स्थित नगर निगम काम्पलेक्स के सामने प्रतिवर्ष बारिश में पानी भरता है। निगम काम्पलेक्स के सामने नाली का निर्माण किए जाने के बावजूद पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं दूसरी ओर महज 200 मीटर तक नाली का निर्माण नहीं होने के कारण बस्ती से आने वाला पानी मुख्य सड़क में ही भर जाता है। अंबिका मंदिर से लेकर भदरापारा स्कूल तिराहे तक वार्ड क्रमांक 35 के किनारे नाली का निर्माण पूर्व में किया गया था, किंतु स्थानीय लोगों के द्वारा नाली को पाट दिए जाने के कारण पानी निकासी की समस्या खड़ी हो गई है। कुछ व्यवसायियों ने तो नाली के ऊपर ही अपने दुकानें बना दी गई है। परिणाम स्वरूप नगर निगम की नाली का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष अंबिका मंदिर रोड में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है।

### नाले की चौड़ाई...

ऊपर से पानी निकलकर बस्ती में जाने लगा। बैष्णव दरबार के पीछे बसी श्रमिक बस्ती के कुछ घरों में व गलियों में नाले का पानी वापस आ रहा था। कई स्थानों में नाले की सफाई नहीं होने से जाम की स्थिति बनी रही। सीतामढ़ी वैष्णो दरबार मोहल्ले में कई लोगों के घरों व गली मोहल्ला में पानी भरने लगा स्थानीय लोगों को कहना है कि नाला निर्माण में ठेकेदार ने लापरवाही किया है, जिस वजह से पानी नाला में जाम हो गया है और गली मोहल्ला व लोगों के घरों में रिटर्न मार रहा है।

### एपीएल कोटे..


पीडीएस दुकानों में सामने आ रही है। जहां से एपीएल हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं। हितग्राही वार्ड पार्षद इस समस्या को लेकर पीडीएस दुकान से लेकर खाद्य विभाग के कार्यालय तक चक्कर काट रहे हैं, किंतु उनको कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। यह भी नहीं बताया जा रहा है कि उनके दो माह का चावल उन्हें कब प्रदान किया जा रहा है खाद्य विभाग इस मामले में केवल शासन से आदेश आने की जानकारी देता है, जबकि पीडीएस दुकान संचालक विभाग से समस्याओं के निराकरण की जानकारी दे रहे हैं।

### सांसद ज्योत्सना...

और यहां के प्रमुख अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिला खनिज न्यास से मेडिकल कॉलेज को सौ करोड रुपए की वित्तीय सहायता दिलवाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। संसद के अस्पताल निरीक्षण के दौरान डीन डॉक्टर अविनाश मेश्राम, मेडिकल कॉलेज की अधीक्षक गोपाल सिंह कंवर, उपाधीक्षक डॉक्टर शशिकांत के अलावा अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।


REG.NO. 157/341, UDISE CODE: 22050910105
TO BE AFFILIATED BY CBSE
VINAYAK PUBLIC SCHOOL BANKI MONGRA
.... where every Learner is a LEADER ..!!
VINAYAK PUBLIC SCHOOL
"We care, we share, for the future we prepare"
Give Your Child The Future-Ready Advantage!
YELLOW DAY
ADMISSIONS OPEN
PLAY GROUP TO CLASS VIII
WE ARE OFFERING:
1. 100% off on siblings ADMISSION fee (for all classes)
2. 100% off on ADMISSION fee for National Players
3. 100% off on ADMISSION fee for wards of Indian Army officer
4. 100% off on ADMISSION fee for Divyang
5. 10% off on ONE TIME PAYMENT (for all class)
6. 50% off on ADMISSION fee (for academic toppers)
Our Salient features:
Affordable fee
Smart Classes
Karate Classes
Computer Classes
Pollution free environment
Indoor & outdoor games
Regular Medical Check-up
Personality Development Classes
Safe and reliable transport facility
Cultural Activities throughout the year
CCA AT A GLANCE
VINAYAK PUBLIC SCHOOL
MURLI CAKE & BAKE
ASHOK VATIKA
DENTAL CAMP
Hospital Road Banki Mongra, Korba (C.G.) 495447
Contact us : 90399-11233
Email - vinayakeducation111@gmail.com

## खबर संक्षेप



### एमजीएम विद्यालय बालको बना उपविजेता

**कोरबा।** अंबेडकर स्टेडियम बालको में जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें जिले के 10 विद्यालय की फुटबॉल टीम से 160 खिलाड़ी प्रतिभागी एवं 20 कोच मैनेजर सम्मिलित हुए। जिसमें 15 आयु वर्ग में उपविजेता एमजीएम स्कूल बाल्को रहा और 29 जून से 24 जून को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य फादर पाल पी थॉमस ने कहा कि विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व की बात है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की खेल हमारी सामरिकता, साझेदारी और संघर्ष करने की क्षमता को विकसित करती है। खेल हमें समूह में काम करने, सहयोग करने और दूसरों की समझ करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे संगठनात्मक कौशल, टीमवर्क और नेतृत्व को प्रभावित करता है। सफलता पर प्रतिभागी विद्यार्थी एवं प्रभारी शिक्षक आर एल भारद्वाज को शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश प्रेषित किया।

### एक दिवसीय विधिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के प्लॉन ऑफ एक्शन में एक दिवसीय पैरालीगल वॉलिंटियर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना अनुदेशित है, उक्त परिपालन में अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्षता में 27 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर, जिले के जिला एवं तालुका स्तर के समस्त पैरालीगल वॉलिंटियरों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त समीक्षा बैठक में सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष के द्वारा पैरालीगल वालीण्टियर्स के कार्य एवं उनके कार्यक्षेत्र के संबंध में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए उपस्थित समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर को निर्देशित करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त का जिला एवं तालुका स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए तथा 13 जुलाई को राष्ट्र स्तर पर आयोजन किये जा रहे नेशनल लोक अदालत का जिला एवं तालुक स्तर के समस्त पिछडे.ग्रामों, दुर्गम स्थलों में प्रचार-प्रसार किया करने कहा गया है।

एसएनसीयू में दी गई बेहतर चिकित्सकीय सुविधा

# समय पूर्व प्रसव से जन्म लिए दो अपरिपक्व शिशु को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिर्फ 7 महीने के ही समय में जन्म लिए दो जुड़वा बच्चों के मामले में कई प्रकार के कॉम्प्लिकेशन पैदा हो गए। एक तो उनका वजन कम था और सभी अंग विकसित नहीं हुए थे। नवजात शिशुओं के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एसएनसीयू इकाई में विशेष चिकित्सा दी गई और बच्चों को बेहतर स्थिति में कर लिया गया।

जिले के ढोंढातराई तूमान गांव निवासी गर्भवती महिला सहोदरा का पिछले दिनों समय पूर्व प्रसव हुआ था। 9 माह की जगह 7 महीने में ही प्रसव के दौरान सहोदरा को दो जुड़वा बच्चे हुए। सहोदरा के पति शिव कुमार ने बताया कि नवजात शिशुओं के सामने कई प्रकार की दिक्कत थी। ऐसे में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का सहारा लिया गया। अब बच्चे अच्छी स्थिति में है।नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिला सहोदर का प्रसव 9 महीने के बजाय 7 महीने में हो गया था। उसने एक लड़की और एक लड़के को जन्म दिया। समय पूर्व प्रसव के कारण उनके अंगों का पूर्ण विकास नहीं हो सका था। इसलिए बच्चों को एसएनसीयू यूनिट में रखा गया। हेमा ने बताया कि इस स्थिति में बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है। जबकि दिल दिमाग और फेफड़ों के नहीं बनने के कारण कई खतरे भी होते हैं। इस स्थिति में अस्पताल की ओर से सभी आवश्यक दवाएं बच्चों को उपलब्ध कराई गई। इसके प्रभाव से उनका वजन 1 किलो से अधिक हो गया है और सभी चीज अब अनुकूल हैं। बताया गया कि सभी प्रकार के खर्चे अस्पताल प्रबंधन की ओर से वहन किए गए हैं पहले भी इस प्रकार के मामले यहां आ चुके हैं।



नवजात शिशु के साथ दंपति एवं चिकित्सक स्टॉफ।

# कटघोरा सरपंच संघ के अध्यक्ष पर लगा फर्जी हस्ताक्षर कर शिकायत का आरोप



धरने पर बैठे पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंचायत सचिव संघ के बीते एक सप्ताह से हड़ताल पर जाने से पंचायतों के काम ठप पड़े हुए हैं, जिसे लेकर लोग आक्रोशित होने लगे हैं। वहीं सरपंच संघ के अध्यक्ष ने हड़ताली सचिव के संबंध में जनपद सीईओ को शिकायत की थी कि हड़ताली सचिवों के द्वारा उन सचिवों को फोन करके बुलाया जा रहा है जो हड़ताल में शामिल नहीं है। शिकायत में जिन सरपंचों के हस्ताक्षर हैं वे फर्जी हैं। हड़ताल पर बैठे सचिव संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने बताया कि सरपंच अध्यक्ष द्वारा सरपंचों का हस्ताक्षर कर जो आवेदन दिया गया है उन आवेदन में कई सरपंचों का फर्जी हस्ताक्षर भी है, वही सचिव अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत दर्री के सरपंच का भी हस्ताक्षर है, जो विगत तीन माह पहले ही उनका मृत्यु हो चुका है, जबकि गौर करने वाली बात यह है, कि जब सरपंच की मृत्यु तीन माह पहले हो चुकी है तो हस्ताक्षर कैसे हुआ कहीं ना कहीं सरपंच अध्यक्ष के द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करवा कर सचिवों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सचिव संघ द्वारा कटघोरा सरपंच अध्यक्ष के खिलाफ लिखित शिकायत कर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की गई।

**खास बात**

- मृत सरपंच एवं सरपंचों के फर्जी हस्ताक्षर, सचिव ने एसपी से की शिकायत

न्यायालय प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी-मनोज कुमार प्रजापति)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र.-30/2017
प्रोसेस क्रमांक-294/24
22/06/24
पेशी दिनांक- 04.07.2024

पक्षकार :- नसीम अंसारी व अन्य -----आवेदकगण

-: विरुद्ध :-

रत्नेश कुमार व अन्य ------अनावेदकगण

प्रति,

आवेदकगण नसीम अंसारी व अन्य के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक 02 विजय कुमार शाह आ. हरिलाल शाह एवं संजय कुमार आ. रामऔतार शाह दोनों निवासी वार्ड कमांक-03, ज्योतिनगर, दीपिका कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु आगामी पेशी दिनांक-04.07.2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 22/06/2024 को जारी।

**(डॉ. मनोज कुमार प्रजापति)**
प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

# 15 सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले 15 कोयला कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभा कक्ष में विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर विदाई दी गई।

समारोह के दौरान प्रबंधन के आला अधिकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के इस मुकाम पर पहुंची है। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति है, यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। इस मौके पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा निदेशक तकनीकी एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी फ्रेंकलिन जयकुमार सहित विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में अरूण कुमार नाथ महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर), इन्द्रजीत सिंह ढिल्लन मुख्य प्रबंधक सुरक्षा एवं बचाव विभाग, रतन लाल प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) यूजी विभाग, देबाशीष सिन्हा अधिशासी अभियंता (सिविल) सिविल विभाग, शान्तनु मुखोपाध्याय लेखापाल ए-1 वित्त विभाग, एस. रमेश कार्यालय अधीक्षक ए-1 सतर्कता विभाग, श्रीमती नमिता दीक्षित सिनीयर डीईओ वित्त विभाग, श्रीमती संगीता राय लेखापाल वित्त विभाग, श्रीमती वहीदा मुस्ताक कार्यालय अधीक्षक ए-1 सामग्री प्रबंधन विभाग, सुश्री शेख शमीम बानो कार्यालय अधीक्षक अधिकारी स्थापना विभाग, श्रीमती विजया सेनगुप्ता कार्यालय अधीक्षक ए-1, जयप्रकाश बाजपेयी पर्यवेक्षक दूरभाष ग्रेड ए-1, अजय कुमार महाजन फोरमेन इन्चार्ज नगर प्रशासन विभाग, राधेश्याम साहू सुरक्षा निरीक्षक सुरक्षा विभाग, बुधराम कुक इंदिरा विहार गेस्ट हाऊस की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

## कोरबा मार्केट













ARYAN PUBLIC SCHOOL
An ISO 9001-2015 Certified School
Branch- 1: Main Road Hardibazar
Branch- 2: Main Road Jhabar (Dipka)
Branch- 3: Main Road Gevra Basti
Branch-4: Basti Road Hardibazar
Aryan Public High School
Nursery to Class 12th
Amenities & Facilities
Dedicated Staff
Safe & Secure Environment
Outdoor & Indoor Activities
Green Playground
Digital Classes
Extra-Curricular Activities
(Art & Craft, Dance & Yoga)
Own means of Transport.
Require staff for following disciplines
1. Principal .(Female)
2. Pre primary and primary teachers.
3. Trained graduate teachers for all subject.
4. Office Assistant with knowledge of computer.
5. Activity teachers.
Eligible candidate can submit their resume in school campus are send to -
email: aryan publicschool 03@gmail.com
Contact no.-90981-18218, 83194-22713.
ADMISSION
OPEN
2024-25
90981-18218, 83194-22713, E-mail: aryanpublicschool03@gmail.com


TRILOKI PUBLIC SCHOOL KATGHORA
CBSE Affiliation No. 3330491
ADMISSION OPEN
FOR 2024-25
Play Group to Class 9th & 11th
CBSE School
AVAILABLE
TRANSPORTATION
Katghora, NTPC, Darri, Banki Mongra
Chaitma, Jatga, Bango & etc
SUBJECT OFFER
Science
Commerce
Play Group to UKG
Block A : Industrial Area,
Katghora District Korba (C.G.)
Mob : 9685935777
Classes 1st to 9th & 11th
Block B : Barbhata, Lakhanpur
Road, Kasaniya, Katghora District
Korba (C.G.) Mob : 7224903339
For Admissions Call: +91 7224903339

## खबर संक्षेप



### डीएसपीएम के अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**कोरबा।** डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युतगृह के 9 अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत्त होने पर उन्हें कंपनी द्वारा दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएमपीएम के कार्यपालक निदेशक हेमंत सचदेवा ने की और सभी सेवानिवृत्त नौ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित कर भावभिनी विदाई देकर उनके उज्वल एवं सुदीर्घ, स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री सचदेवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे 9 साथी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनके अनुभव से हम बिजली उत्पादन की क्षमता को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कंपनी या संस्था की सफलता बेहतर टीम पर निर्भर होती है। जो आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं वे कर्तव्यनिष्ठ होकर कंपनी को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाते रहे। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों अधीक्षण अभियंता अमित चटर्जी, संयंत्र निज सहायक दुर्गाशंकर दीक्षित, सीबी बेनर्जी-वरिष्ठ परिवेक्षक, श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव (मानव संसाधन), लखनलाल मरावी-वरिष्ठ परिवेक्षक, गुरूनंदन प्रसाद राजवाड़े-वरिष्ठ रसायनिज्ञ, संत कुमार साहू-कनिष्ठ परिवेक्षक, लक्ष्मीनारायण पांडेय-कनिष्ठ परिवेक्षक एवं इख्तियार खान-संयंत्र सहायक को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए उनकी बेहतर सेवा के लिए बधाई दी। इन सभी अतिथियों को फूल मालाओं -बूके एवं स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गई।

### बाल्को टाउनशिप स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कोरबा।** बाल्को टाउनशिप स्कूल में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों को गुलाल चंदन लगाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सभी सदस्य शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित थे बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल हरदीबाजार में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल हरदीबाजार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम मां सरस्वती छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित हुए और कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। अच्छे से मेहनत कर पढ़ाई करें और प्रतिदिन समय पर स्कूल आये और मन लगाकर पढ़ाई करें और साथ ही अपने माता पिता का नाम रोशन करें। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिला मंत्री नरेश टंडन, विधायक प्रतिनिधि व्यास राठौर, सांई मन्नू राठौर, गंगा पटेल, सनिध्य सोलंकी, शिव यादव, हीरा लाल अहीर, प्राचार्य रमा उमा निडि ,लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल, केशव यादव, रिया शुक्ला, रंजित राठौर, आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में समस्त शाला परिवार के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालक अंजना सिंह ने किया।

# विद्युत कंपनी की कोरबा पूर्व कॉलोनी के जर्जर आवासों को किया जा रहा डिस्मेंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विद्युत कंपनी के जर्जर आवासों को जनसुरक्षा के मद्देनजर डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरु कर दी गई है। कर्नाटक के स्टील यार्ड कंपनी ने जर्जर मकानों को जमींदोज करना शुरु कर दिया है। एक मकान को ढहाने के बाद अब एक एककर सभी जर्जर मकानों को जमींदोज किया जाएगा। जिससे जर्जर मकानों में निवारत लोगों की जान शासत में न रहे।

उल्लेखनीय है कि छग राज्य विद्युत कंपनी द्वारा एक साल पहले ही सर्वे के बाद कोरबा पूर्व कॉलोनी के 428 आवासों को कंडम घोषित कर दिया गया है। हालांकि सिविल विभाग द्वारा नोटिस जारी करने के बाद भ आवासों को खाली नहीं किया जा रहा है। लोगों ने जब नोटिस को फाड़ दिया तो कंपनी प्रबंधन द्वारा जगह जगह बोर्ड लगाकर जर्जर मकानों को डिस्मेंटल करने संबंधी सूचना जारी की गई। विद्युत कंपनी के जिन 428 मकानों को कंडम घोषित किया गया है उनमें से 250 आवासों में बिजली कर्मचारी निवासरत हैं। शेष बचे 200 मकानों में बाहरी लोगों का कब्जा है। सिविल विभाग ने सूचना बोर्ड लगाकर जानकारी दे थी कि आवास काफी बदहाल हो चुके हैं। ऐसे में इन आवासों में रहने वाले लोगों की जान माल की हानि हो सकती है। इस वजह से इन आवासों को तोड़ा जाना प्रस्तावित है। आवासों में निवासरत लोग आवास को खाली कर सिविल विभाग को हैंडओवर करें। जर्जर आवासों में एनएफ के 96 व सुपर एफ के 332 आवास हैं। कई आवासों का छज्जा, खिड़की व दरवाजे का स्लेब टूटकर नीचे गिर गया है। बावजूद इसके लोग आवास खाली नहीं कर रहे हैं। शनिवार से कर्नाटक के स्टील यार्ड कंपनी द्वारा विद्युत कंपनी के कोरबा पूर्व स्थित कॉलोनी के जर्जर आवासों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरु कर दी गई है। शनिवार को जर्जर आवास एसएफ 993 को डिस्मेंटल किया गया है। आने वाले दिनों में एक एककर सभी जर्जर अवासों को डिस्मेंटल कर जमींदोज किया जाएगा।

## विद्युत कंपनी ने सर्वे के बाद 428 आवासों को किया है कंडम घोषित

**खास बातें**

- सुपर एफ 993 के डिस्मेंटल के बाद अब अन्य जर्जर आवासों को किया जाएगा डिस्मेंटल



**आवासों को किया जा रहा डिस्मेंटल**

विद्युत कंपनी द्वारा सर्वे के बाद 428 मकानों को कंडम घोषित किया गया है। जर्जर आवासों में निवासरत लोगों को मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया था। साथ ही सूचना बोर्ड लगाकर भी मकान खाली कर सिविल विभाग को हैंडओवर करने निर्देश दिया गया था। कंपनी प्रबंधन के निर्देश पर कर्नाटक के स्टील यार्ड कंपनी द्वारा जर्जर आवासों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरु कर दी गई है।

-**विनय सोनी,** एई, सिविल विभाग कोरबा पूर्व

## आवासों को तोड़कर बनाए जाएंगे नए आवास

राज्य बिजली उत्पादन कंपनी की योजना बदहाल आवासों को तोड़कर नए आवासों का निर्माण करना भी है। दरअसल सभी जर्जर आवास 40 से 50 साल पुराने हो चुके हैं जो बदहाल होते जा रहे हैं। कोरबा पूर्व संयंत्र के बंद होने के बाद डीएसपीएम संयंत्र के कर्मचारी व वितरण विभाग के कर्मचारी आवासों में निवासरत हैं। विद्युत प्रबंधन द्वारा जर्जर आवासों के स्थान पर नए आवासों का निर्माण करने की योजना है।

## अब केवाईसी प्रमाणीकरण के बहाने और ठगने का प्रयास

# ऑनलाइन ठगी क्यूएलओएफ एप में लाखों लोगों के करोड़ों रुपए फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्यूएलओएफ एप्प में छोटी रकम निवेश करके चंद दिनों में रकम कई गुना होने का खेल चलाकर ऑनलाइन ठगों ने लाखों लोगों के रकम निवेश कराए। शुरूआत में रकम जमा करने वालों को कपांउड मनी के नाम पर मोटी रकम व प्रतिदिन सैलरी देकर झांसे में लिया जाता रहा। सैलरी और बोनस के लिए तिथि व समय का निर्धारण किया जाता था। जिसके बाद आहरण किए गए रकम को कुछ घंटों के भीतर निवेशकों के खाते में जमा कर दिया जाता था। फिर एक दिन अचानक निर्धारित तिथि पर निवेशकों के खाता में न रकम ट्रांसफर किया और न ही ट्रेडिंग दिया गया। केवाईसी के नाम पर 6 हजार रुपए की मांग किए जाने लगी जिससे निवेशकों में मायूसी छा गई और देखते ही देखते कंपनी में रकम डालने वाले लाखों को लोग शिकार हो गए।

**खास बात**

- शहर के हर गली मोहल्लों से लोगों ने लगाया था कंपनी में रकम

उल्लेखनीय है कि क्यूएलओएफ द्वारा मोबाइल एप्प के जरिए ऑनलाइन ठगों का गिरोह लोगों को जोड़कर लखपति बनने का झांसा दतेकर रतम निवेश कराया। करीब 8-10 माह से चल रही क्यूएलओएफ कंपनी का मकड़जाल कोरबा के शहर से लेकर गांव-गांव तक में फैल गया। सरकारी कर्मचारी, निजी कर्मचारी, किसान, बेरोजगार युवा, महिलाएं और तो और स्कूल व कॉलेज के छात्र भी क्यूएलओएफ से जुड़ गए। ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में कोरबा के हजारों लोग क्यूएलओएफ में जुड़े और अपने रिश्तेदारों व परिचितों को जोड़ते चले गए। लोगों को उम्मीद थी कि क्यूएलओएफ कंपनी का पैसा शेयर मार्केट या क्रिप्टो करैंसी में लग रहा है जहां से मिल रहे फायदे से वह उपयोगकर्ताओं को रकम कई गुना करके दे रही है। लेकिन वास्तविकता ऐसी नहीं थी बल्कि लोगों का जमा किया गया पैसा ही दूसरे लोगों को कई गुना करके दिया जा रहा था जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़ें और करोड़ों रुपए समेटने के बाद ऑनलाइन ठग भाग सके। एक सप्ताह से क्यूएलओएफ कंपनी कभी साइबर अटैक तो कभी सिस्टम क्रैस होने के बहाने लोगों की रकम निकासी बंद करके अपडेट का बहाना कर रही थी। लोगों से वादा किया गया था कि शुक्रवार 28 जून की सुबह 7 बजे से सिस्टम सही हो जाएगा और निकासी असानी से होने लगेगी। वादे के मुताबिक सुबह क्यूएलओएफ एप असानी से खुला और लोगों रकम ट्रांसफर करने लगे। लेकिन बैंक एकांउट में रकम नहीं पहुंचा और शाम को रकम वापस एप में रिफंड होने का मैसेज मिल गया। लोग ठगी को समझ पाते इससे पहले ऑनलाइन ठगों ने एक बार फिर से ग्राहकों को मूर्ख बनाने की चाल के रूप में क्यूएलओएफ एप कंपनी को भारत के केंद्रीय जांच ब्यूरो से एक नोटिस मिलने और अब से, प्रत्येक नकद निकासी राशि संबंधित विभागों और एजेंसियों द्वारा कड़ी निगरानी और समीक्षा के अधीन होने का जिक्र किया गया। धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने और समीक्षा पारित होने के बाद, बैंक निकासी अनुरोध के 1-3 दिनों के भीतर निकासी राशि उपयोगकर्ता के बैंक खाते में भेजने का उल्लेख किया गया। ग्राहक इंतजार में लग गए कि थोड़ी देर बाद फिर से एक मैसेज भेजा गया। जिसमें भारत सरकार की अनुपालन आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए ग्राहकों के क्यूएलओएफ खाते का केवाईसी सत्यापन आवश्यक बताया गया। केवाईसी प्रमाणीकरण पूरा करने के लिए 6,000 रुपए ग्राहकों को स्वयं के बैंक खाते या यूपीआई खाते से जमा करने को कहा गया। इस तरह क्यूएलओएफ कंपनी ने ग्राहकों के पहले से कंपनी में जमा रकम को हड़पने के साथ ही केवाईसी प्रमाणीकरण के बहाने और 6 हजार रुपए ठगने का प्रयास शुरू कर दिया है।



फाइल फोटो

## खाता फ्रीज़ करने का मैसेज, निवेशक चिंतित

पहले ही रकम निवेश कराकर ठगी कर चुकी क्यूएलओएफ कंपनी ने अब क्यूएलओएफ खाते के केवाईसी सत्यापन का जाल फेंका है। जिसमें दो दिन के भीतर 29– 30 जून तक 6 हजार रुपए जमा करके केवाईसी सत्यापन कराने वालों को सोमवार से लेनदेन जारी रखने और सत्यापन नहीं कराने वालों का क्यूएलओएफ खाता पूरी तरह फ्रीज़ करने का मैसेज देकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इस मैसेज के बाद कई निवेशक जहां डूबी रकम को वापस पाने की उम्मीद से कथित केवाईसी सत्यापन कराने के चक्कर में 6-6 हजार जमा कर रहे हैं तो बड़ी संख्या में निवेशक चिंतित है।

## महादेव एप जैसा मकड़जाल, जांच-पड़ताल जरूरी

विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में महादेव एप का खुलासा हुआ। उसी तर्ज पर क्यूएलओएफ कई महिनों से चल रहा था। लेकिन किसी की ओर से आमजन को जागरूक करने को मैसेज किया गया और न ही किसी ग्राहक ने ज्यादा जानने की कोशिश की। कई गुना मुनाफा के चक्कर में सब फंसते चले गए। कहा तो यह भी जा रहा है कि क्यूएलओएफ महादेव सट्टा का ही चैनल है। ऐसे में सरकार की ओर से महादेव एप की तरह ही क्यूएलओएफ एप के मामले में जांच-पड़ताल करते हुए ऑनलाइन ठगों को पकड़ना चाहिए।

# पंप लगाने वालों पर निगम की कार्रवाई, 3 पंप जब्त



निगम द्वारा जब्त पंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नलों में वाटर पंप लगाकर पेयजल की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर निगम ने कार्यवाही करते हुए फायर कॉलोनी, बेलगरी बस्ती व अमर सिंह होटल के पीछे बालको क्षेत्र से 3 पंप की जप्ती की है तथा संबंधितों को चेतावनी दी है कि वह दोबारा वाटर पंप न लगाएं अन्यथा और अधिक कड़ी कार्रवाई होगी, अर्थ दंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम दिन में दो बार पेयजल की आपूर्ति पाइपलाइन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है, जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है, इस संबंध में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन के हित में पंप लगाने वालों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। शनिवार को निगम के पेयजल विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए बालको क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों फायर कॉलोनी, बेलगरी बस्ती व अमर सिंह होटल के पीछे स्थित बस्ती में 3 नग पंप जप्त किया। पंप लगाकर पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। निगम ने नल कनेक्शन में पंप लगाने वालों को पुनः कड़ी चेतावनी दी है कि वे पंप लगाकर पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन में बाधक न बने, अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी पंप जप्त करने के साथ ही अर्थ दंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

## नियमित की जा रही जांच

नगर निगम के पेयजल विभाग के द्वारा संपूर्ण निगम क्षेत्र के विभिन्न निर्धारित प्वाइंटों पर नियमित रूप से पेयजल शुद्धता की जांच की जा रही है इस हेतु विभिन्न बस्तियों में बिछाई गई पेयजल वितरण पाइपलाइन के विभिन्न प्वाइंटों से पानी के नमूने लेकर उनका मौके पर ही वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया जा रहा है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपूर्त किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

# जंगल में पुटू बीनने गई महिला पर 3 भालुओं ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के बाद बरसात की दस्तक के साथ ही जंगलों में पुटू की पैदावार शुरु हो जाती है। इसी पुटू को जंगल में लेने गई एक महिला पर तीन भालुओं ने एक साथ हमला कर दिया। इस हमले में महिला बुरी तरह घायल हो गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बालको वन परिक्षेत्र के ग्राम बेला से लगे नवाडीह टापरा जंगल में शनिवार की सुबह बेला गांव में रहने वाली 36 वर्षीय कमला भगत गांव के ही 15 लोगों के साथ जंगल में पुटू बीनने गई थी। सभी लोग जंगल में अलग अलग स्थानों पर पुटू की खोज कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तीन भालू आ गए और कमला भगत पर हमला कर दिया। जंगल में भालु के हमले के बाद चीख-पुकार मच गई। कमला की आवाज सुनकर आसपास पुटू बिन रहे सभी लोग पहुंचे और भालुओं को किसी तरह भगाया, तब जाकर महिला की जान बची। कमला भगत के सिर पर गंभीर चोट आई है। कमला के पति दिलीप भगत ने बताया कि वह और उसके 2 बच्चे घर पर थे। उसकी पत्नी गांव वालों के साथ पुटू बीनने गई हुई थी। उसे घर आकर लोगों ने घटना की जानकारी दी, तब वह मौके पर पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटनाक्रम की जानकारी ली। वन विभाग ने घायल महिला के परिजनों का बयान दर्ज कर शासन से मिलने वाली तत्कालीन सहायता राशि दी है।



अस्पताल में भर्ती घायल महिला का उपचार करता चिकित्सक।

## भालू के हमले से ग्रामीण घायल

उधर कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में भालूओं के द्वारा किए गए हमले में एक पशुपालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह अपने मवेशियों को खोजने के लिए जंगल गया था, इस दौरान भालुओं ने अटैक कर दिया। हमले में ग्रामीण बुरी तरह से जख्मी हो गया फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी और अपने पास में रखी कुल्हाड़ी से भालुओं को करारा सबक सिखाया। इसके बाद भालूओं को दुम दबाकर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। घटना में घायल ग्रामीण किसी तरह अपने गांव पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### बड़े भाई पर युवक ने चलाया तीर, आरोपी गिरफ्तार

**धौरपुर।** बाड़ी में आगे पौधे को बकरी द्वारा चरने को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। युवक ने विवाद के दौरान अपने ही बड़े भाई पर तीर चला दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़े भाई की हत्या की नियत से तीर धनुष से किए गए हमले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जटासेमर निवासी सहदेव की बकरी 29 जून को छोटे भाई मनदेव के बाड़ी में चली गई और बाड़ी में लगे हुए पौधे को खा गई। बकरी द्वारा बाड़ी चरने से नाराज मनदेव ने अपने बड़े भाई के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब सहदेव ने छोटे भाई को गाली देने से मना किया तो आरोपी मनदेव ने अपने ही बड़े भाई पर आक्रोशित होकर तीर धनुष से हमला कर दिया। इस घटना में सहदेव गंभीर रूप से घायल हो गया।




## योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

# अब मजदूर के बच्चे भी बनेंगे अफसर, 10 जिलों में शुरु होगी कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रमिक हितैषी सरकार के मुख्यमंत्री की विशेष पहल और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निर्देश पर जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। जिसमें कोरबा जिला भी शामिल है।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा है की श्रमिक परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत है। इसी तारतम्य में पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही स्वयं, च्वाईस सेन्टर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।



मुख्यमंत्री श्री साय के साथ श्रम मंत्री श्री देवांगन।

## ऑफ व ऑनलाइन मिलेगी कोचिंग

यह कोचिंग ऑनलाइन के साथ साथ ऑफलाइन भी मिलेगी। ताकि विभिन्न परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को दोनों का विकल्प मिल सके। बहुत से छात्र समय या फिर दूरी की वजह से ऑफलाइन ही कोचिंग लेना चाहते हैं, उनको ये सुविधा मिलेगी।

## मृत्यु हो चुकी है तब भी मिलेगी सुविधा

यदि हितग्राही की मृत्यु 9 जून 2020 से पहले हुई है तो पुराने अधिसूचना के अनुसार योजना के लिए उनके बच्चे पात्र है तथा वे हितग्राही जो नवीन योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े हुए हैं वे भी आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780